1) Copy to GM, DyGM, Pension cell, C.O.
2) All the Regional Heads.

# BANK OF RAJASTHAN RETIRED STAFF ASSOCIATION

**_President's Office_**
C-V, 401, Kamal Apartments II,
Opp. Jaipur Metal & Electricals,
Bani Park, Jaipur - 302 016
Tel. 207123, 202278

**_General Secy's Office_**
B-97, Anandpuri,
Moti Doongri Road,
Jaipur - 302 004
Tel. 600329

Ref. परिपत्र संख्या 13/1/2000

Date : 01.08.2000

प्रिय साथियों,

हमारे पिछले परिपत्र संख्या 12 दिनांक 24 जून 2000 के माध्यम से आप सभी को एसोसिएशन की प्रथम साधारण सभा जयपुर में दिनांक 23 जुलाई 2000 को आयोजित करने की सूचना दी गई थी। तद्नुसार हमें यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि एसोशिएशन की प्रथम साधारण सभा दिनांक 23 जुलाई 2000 को बैंक ऑफ राजस्थान स्टॉफ ट्रेनिंग कॉलेज लालकोठी स्कीम, जयपुर में अत्यन्त उत्साहपूर्वक सम्पन्न हो गई है। देश के विभिन्न स्थानों पर रहने वाले एवं दूरस्थ स्थानों से पधारे सहित लगभग 90 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इस साधारण सभा में भाग लेकर इस आयोजन को अत्यन्त सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में अपना योगदान दिया है। सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले सभी सदस्यों के आवास, नाश्ते एवं भोजन आदि की व्यवस्था एसोसिएशन के जयपुर चेप्टर द्वारा बैंक ऑफ राजस्थान स्टॉफ ट्रेनिंग कॉलेज के परिसर में की गई थी। इस संबंध में श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल का आर्थिक सहयोग प्रशंसनीय रहा।

साधारण सभा के सम्मेलन के उद्घाटन के लिए बैंक ऑफ राजस्थान लि. के प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी माननीय डा. के. एम. भट्टाचार्य को निमंत्रित करने के लिए निवेदन किया था जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री एम. सी. बरला के अध्यक्षीय भाषण के बाद डा. के. एम. भट्टाचार्य ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में एसोसिएशन के उद्देश्यों एवं कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए बैंक ऑफ राजस्थान की तरफ से बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रारम्भ की गई रचनात्मक योजनाओं में अपना भरपूर योगदान देने की घोषणा की । जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रशन्नतापूर्वक स्वागत किया। डा. भट्टाचार्य स्वयं भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं अतः उन्हें सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का भली प्रकार अनुभव है एवं हमें आशा है कि बैंक ऑफ राजस्थान उनके नेतृत्व में निरन्तर प्रगति करेगा तथा साथ ही एसोसिएशन के द्वारा बैंक

के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने एवं उनके कल्याण के लिए प्रेरित योजनाओं में अपना समुचित रचनात्मक सहयोग प्रदान कर उन्हें प्रारंभ करने में सहायता करेगें। एसोसिएशन शीघ्र ही अपनी अगली कार्यकारिणी की बैठक में बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं एवं उनसे संबंधित कल्याणकारी योजनाओं पर विचार विमर्श कर उन्हें अवगत कराएगी।

साधारण सभा के उद्‌घाटन सत्र में बैंक के उच्च अधिकारीगण, बैंक के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी गण, अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी तथा सहयोगी रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने इस सत्र को गौरव प्रदान किया जिसका हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर एसोसिएशन के विभिन्न चेप्टर के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यअतिथि महोदय का माल्यापर्ण द्वारा स्वागत किया एवं मुख्य अतिथि महोदय ने भी उन्हें माला पहना कर अपनी प्रशन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित बैंक के वरिष्ठतम सेवानिवृत्त अधिकारी श्री जी.डी. रावत का भी एसोसिएशन एवं मुख्य अतिथि महोदय द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। एसोसिएशन बैंक ऑफ राजस्थान स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों का उनके द्वारा सम्मेलन के सम्बन्ध में किये गये उत्तम व्यवस्था करने मे सहयोग का आभार व्यक्त करता है।

सम्मेलन के बिजनीस सत्र में सेक्रेटरी द्वारा एसोसिएशन की अब तक के कार्यकलापों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही 31 मार्च 2000 तक के लेखा विवरण को स्वीकार किया गया। इस सत्र में खुले विचार विमर्श के दौरान सदस्यों ने बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण के संबंध में कई उपयोगी सुझाव दिये। एसोसिएशन अपने स्तर पर इन समस्याओं के निराकरण के लिए उचित स्तर पर कार्यवाही करने का प्रयास करता रहेगा।

इतनी अधिक संख्या में सदस्यों ने इस सम्मेलन में भाग लेकर संगठन की एकता एवं आपसी सहयोग एवं भातत्व भाव का परिचय दिया है। हमें आशा है कि उनके इसी प्रकार के सक्रिय सहयोग से एसोसिएनन भविष्य में ओर अधिक मजबूत रुप में उभर कर उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रारंभ करने में सफलता प्राप्त करेगा।

एसोसिएशन के संचालन के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन के लिए श्री एस. के. नैनानी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया । चुनाव अधिकारी ने निम्न सदस्यों को अगली कार्यकारिणी के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की।

1. श्री डी. एस. रावत — अध्यक्ष
सी-5-401
कमल अपार्टमेन्ट्स द्वितीय
जयपुर मेंटल्स एवं इलेक्ट्रीकल्स के सामने
बनीपार्क, जयपुर - 302 016
फोन नं. : 207123, 202278

2. श्री एम. एल. ओझा — उपाध्यक्ष
70/6 प्रतान नगर (आर.एच.बी.)
श्योपुर के पास, सांगानेर,
जयपुर - 303906
फोन. 580082

3. श्री आर. के. आचोलिया — उपाध्यक्ष
ए-620 तलवंडी, कोटा
फोन 420845

4. श्री एस. एल. माहेश्वरी — महामंत्री
बी-97 आनन्दपुरी, मोती डूंगरी रोड
जयपुर - 302004
फोन 600329

5. श्री चैतन्य कुमार जैन — संयुक्त मंत्री
627ए, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पीछे
महावीर नगर, गोपालपुरा बाई पास
टोंक रोड, जयपुर - 302 018
फोन 722816

6. श्री रणजीत लाल जैन — संयुक्त मंत्री
46, शास्त्री मार्ग
महावीर कॉलोनी, अशोक नगर
उदयपुर - 313 001
फोन 413722

7. श्री प्रवीण चन्द्र जैन — कोषाध्यक्ष
सी-87ए, जगराज मार्ग, कनोडिया कॉलेज के पीछे
मंगल मार्ग बापू नगर, जयपुर - 302 004
फोन 515449

8. श्री भवंर सिंह राठोड़ सदस्य
14, जवाहर नगर
पांसल रोड, सेकेन्ड्री स्कूल के पीछे,
भीलवाड़ा

9. श्री आर. एल. अग्रवाल सदस्य
8, राज कॉलोनी, स्टेशन रोड
नीमच (मध्य प्रदेश)
फोन 22130

10. श्री के. बी. एल. शर्मा सदस्य
बृज सदन, पावर हाउस के पीछे,
कोटरी सर्किल, कोटा
फोन. 363097

11. श्री सुवा लाल बरकतिया सदस्य
11, धाबाई जी की बाड़ी
अशोक नगर, उदयपुर
फोन 412680

साधारण सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस स्थान पर 10 या उससे अधिक सदस्य हों उसको एसोसिएशन के चेप्टर का दर्जा दिया जाएगा। ऐसे चेप्टर में जिनका प्रतिनिधित्व इस कार्यकारिणी में नहीं हुआ हो वे अपना एक प्रतिनिधि चुनकर कार्यकारिणी के लिए नामांकित कर सकेंगे। उनसे यह अपेक्षा है कि वे अपने नामांकित सदस्य का नाम दिनांक 25.08.2000 तक एसोसिएशन को सूचित कर दें। चेप्टर का निर्माण संबंधित डिस्ट्रीक्ट में रहने वाले कुल सदस्यों के द्वारा हो सकेगा। जैसे अजमेर चेप्टर के किसनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, बिजयनगर, में रहने वाले सदस्यों को इसी चेप्टर के अन्तर्गत गिना जायेगा।

एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी के चुनाव के बाद एसोसिएशन के निर्वतमान अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा की गई सेवा एवं कार्यों की भरपूर प्रशंसा की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन के निर्वतमान अध्यक्ष श्री एम.सी. बरला एवं महामंत्री श्री जे.पी. गोयल भविष्य में कार्यकारिणी की होने वाली सभी मीटिंग में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रुप में भाग लेकर एसोसिएशन की प्रगति में अपना सतत् योगदान देते रहें जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

एसोसिएशन के सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह है कि बैंक ऑफ राजस्थान से रिटायर्ड ऐसे कर्मचारी जो अब तक एसोसिएशन के सदस्य नहीं बने हैं, उन्हें इसकी सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें एवं संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

हम अपने परिपत्रों के माध्यम से एसोसिएशन के कार्यकलापों व उनके द्वारा किये गए निर्णय एवं उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में आपको समय-समय पर सूचित करते रहेंगे। आशा है सदस्यगण अपनी समस्याओं एवं सुझावों से हमें भी अवगत कराते रहेंगे।

आपके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ

**एस. एल. माहेश्वरी**
महामंत्री

**डी.एस. रावत**
अध्यक्ष